हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 9 अक्तूबर 2025




# महाराष्ट्र सरकार ने की स्कूल बस और वैन की नई परिभाषा घोषित

## हाईकोर्ट में दी जानकारी

**नागपुर.**

महाराष्ट्र सरकार ने 12 अगस्त 2025 को मोटर वाहन नियम, 2011 में संशोधन करते हुए स्कूल बस और स्कूल वैन की नई परिभाषा जारी की है। संशोधित नियमों के अनुसार, ड्राइवर को छोड़कर 13 या अधिक बच्चों की बैठने की क्षमता वाले वाहन को स्कूल बस माना जाएगा, जबकि 12 या उससे कम क्षमता वाले वाहन को स्कूल वैन कहा जाएगा। यह जानकारी राज्य सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ को मंगलवार को दी, जहां स्कूल बसों की सुरक्षा से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने राज्य सरकार से नए नियमों की पुष्टि मांगी थी। अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।



### > संशोधित नियम और याचिकाकर्ता के सुझाव

**स्कूल बस:** 13 या अधिक बच्चों के लिए, सभी सुरक्षा इंतजाम परिवहन आयुक्त की मंजूरी से।
**स्कूल वैन:** 12 बच्चों तक की क्षमता, केवल स्कूल बच्चों के लिए, टेस्टिंग एजेंसी का प्रमाणपत्र जरूरी।

- याचिकाकर्ता ने कई सुरक्षा सुझाव भी दिये हैं, जिनमें शामिल हैं:
- "बच्चों" की जगह "छात्र" शब्द का प्रयोग।
- शराब पीकर ड्राइविंग करने वाले या अपराधी ड्राइवरों को प्रतिबंधित करना।
- हर ड्राइवर की आंखों की जांच अनिवार्य।
- सभी स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर।
- ड्राइवर और कंडक्टर का मोबाइल फोन न उपयोग करना।
- छह महीने में फायर और निकासी की मॉक ड्रिल।
- सुरक्षा शिकायतों के लिए तीन अंकों की हेल्पलाइन और मोबाइल ऐप।
- सभी बस और वैन में सीसीटीवी कैमरे।
- नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई।
- आरटीओ की कार्रवाई का ब्योरा (6 अक्टूबर तक)
- नोटिस भेजे गए स्कूल बस और वैन: 70
- लाइसेंस रद्द किये गए स्कूल बस: 46
- योग्यता प्रमाणपत्र/लाइसेंस नवीनीकरण के लिए नोटिस: 15
- वैध नवीनिकृत फिटनेस प्रमाणपत्र वाले वाहन: 8
- 2024 के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी वाहन: १

# गर्लफ्रेंड के महंगे शौक और जुए की लत ने बनाया चोर

## कलमना मार्केट से 11 बाइक और आईफोन चुराने वाला युवक गिरफ्तार

**नागपुर.**



शहर की कलमणा पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो अपनी गर्लफ्रेंड के महंगे शौक और जुए की लत पूरी करने के लिए लगातार बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11 चोरी की मोटरसाइकिलें और एक एप्पल कंपनी का आईफोन बरामद किया है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी ने चोरी के लिए जिस जगह को चुना, वह उसी के पिता का कार्यस्थल था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवेश देवेंद्र सनोडिया (उम्र 20 वर्ष), निवासी सुंदर नगर, भांडेवाडी, नागपुर के रूप में हुई है। मार्च 2025 से कलमणा मार्केट में काम करने वाले मजदूरों और ग्राहकों की दोपहिया गाड़ियाँ लगातार चोरी हो रही थीं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलमणा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रविण काले ने अपने खर्चे पर मार्केट में सीसीटीवी कैमरे लगवाए और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की शारीरिक बनावट और पहनावे के आधार पर पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए सुनियोजित ट्रैप बिछाया।

5 अक्टूबर 2025 को देवेश हमेशा की तरह मार्केट में चोरी की नीयत से पहुंचा, तभी पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह कलमणा मार्केट में अपने पिता के आढ़त व्यवसाय का फायदा उठाकर चोरी करता था। सप्ताह के दो खास दिनों में, जब मार्केट में भीड़ रहती थी, वह डुप्लीकेट चाबी की मदद से खास ब्रांड की बाइकें चोरी कर लेता था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह चोरी की गाड़ियों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर ओएलएक्स ऐप पर बेचता था और इस पैसे से अपनी गर्लफ्रेंड की महंगी लाइफस्टाइल और जुए की लत पूरी करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 11 बाइकें और चोरी के पैसों से खरीदा गया आईफोन सहित करीब 3.25 लाख रुपये के माल बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त रविन्द्र सिंगल, सह पुलिस आयुक्त नविनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. शिवाजी राठौड़, और उप पुलिस आयुक्त निकेतन कदम के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रविण काले के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में सहायक पुलिस निरीक्षक शशिकांत मुसले, पोहवा प्रमोद कंगाले, विशाल भैसारे, नितीन मिश्रा, ललित शेंडे, अविनाश ग्वालवंशी और अजय गटलेवार शामिल थे। आगे की जांच पोहवा प्रमोद कंगाले द्वारा की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती का शोषण

## > पुलिस ने दर्ज किया रेप का मामला

**नागपुर.** वर्धा के एक युवक पर शादी का झांसा देकर एक सरकारी कर्मचारी युवती के साथ शोषण और धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगा है। हुड़केश्वर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है।

घटना के अनुसार, देवली, वर्धा निवासी कल्पक दिनेश निहारे (28) की पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के जरिए 26 वर्षीय पीड़िता युवती से हुई। दोनों के बीच धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। आरोप है कि कल्पक ने युवती को शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आगे चलकर, अगस्त महीने में कल्पक ने युवती से बात करना अचानक बंद कर दिया और शादी करने से साफ इनकार कर दिया। यह भी खुलासा हुआ कि पीड़िता ने आरोपी को 3 लाख रुपये उधार भी दिए थे। जब युवती ने पैसे वापस मांगे तो कल्पक ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। इस पर युवती ने हुड़केश्वर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की पहल के बाद आरोपी कल्पक शादी के लिए राजी हो गया और उसके माता-पिता ने भी सहमति जताई। इस आश्वासन के बाद युवती ने मामला वापस लेने का फैसला किया। हालांकि, पुलिस के दबाव कम होते ही कल्पक ने एक बार फिर शादी करने से मना कर दिया। इस धोखे के बाद युवती ने फिर से पुलिस में शिकायत की। हुड़केश्वर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कल्पक दिनेश निहारे के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत रेप और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर डॉ. मोहन भागवत का मार्गदर्शन

## > प्राचीन मंदिर के 100वें वर्ष के भव्य आयोजन की घोषणा

**नागपुर/कामठी (सौमित्र नंदी)**




मंगलवार 7 अक्टूबर को शाम में मध्य भारत के एकमात्र प्राचीन मंदिर, जिसकी स्थापना 1926 में हुई थी, में रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन वाल्मीकि समाज सेवा मंडल, कामठी के अध्यक्ष विलास झंझोटे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक परमपूज्य डॉ. मोहन भागवत उपस्थित रहे और उन्होंने वाल्मीकि समाज का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन भागवत ने मंदिर के 100वें वर्ष के चिन्ह (लोगो) का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में, उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष, 26 अक्टूबर 2026 के दिन, कामठी स्थित यह प्राचीन मंदिर अपने 100 वर्ष पूर्ण करेगा। इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए, जन्मोत्सव को और भी अधिक भव्य और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष मौके पर राज्यमंत्री एड. आशीष जैस्वाल एवं जबलपुर, मध्यप्रदेश की राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमीत्रा वाल्मीक विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जन्मोत्सव कार्यक्रम में मेहरोलिया, धामती, टाकभवरे, पारचा, झरोंदे, सोलंकी, नहार, उज्जैनवार, चौहान, बागे, चंडाले,गोगलिया,गोयल, पारोचे, धरोड ,परोसीया,डागोर ,पत्रोलिया ,राजकरोसीया सहित समस्त वाल्मीकि समाज के परिवार के लोग ने बड़ी संख्या में भाग लिया और महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# मध्यवर्ती कारागृह में कैदी के पास मिला गांजा

## > एनडीपीएस एक्ट के तहत धंतोली थाने में मामला दर्ज

**नागपुर.**




शहर के मध्यवर्ती कारागृह में एक कैदी के पास गांजा मिलने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस संबंध में धंतोली पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला यशवंत बाळू शिंदे (उम्र 38 वर्ष, निवासी रायगढ़) के खिलाफ दर्ज किया गया है, जो पॉक्सो के एक प्रकरण में सजा काट रहा था। जानकारी के अनुसार, 6 अक्टूबर 2025 की सुबह, यशवंत शिंदे को नियमित मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। लौटते समय जब वह सेंट्रल जेल के सर्च सेल से गुजरा, तो जेल कर्मचारियों ने उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके बाएं हाथ में रखे नॅपकिन से दो सफेद प्लास्टिक की पुड़ियां बरामद हुईं, जिन्हें सफेद सेलोटेप से लपेटा गया था। जब पुड़ियां खोली गईं तो उनमें से करीब 40 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 500 बताई गई है। जेल प्रशासन ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और मामला धंतोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी कैदी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 20(ब), 2(अ) में मामला दर्ज किया है। जांच उपनिरीक्षक धनश्री रायकर के मार्गदर्शन में जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है, जब कैदी अदालत या अस्पताल में जाने के बाद नशीले पदार्थों को जेल में लाने का प्रयास करते हैं। हालांकि इस बार जेल कर्मियों की मुस्तैदी से आरोपी पकड़ा गया और आगे की पूछताछ जारी है कि उसे यह गांजा किसने और कहां से उपलब्ध कराया।

# राजे रघुजी प्रथम की ऐतिहासिक तलवार जल्द पहुंचेगी नागपुर, तैयारियों को अंतिम रूप

**नागपुर.**



मराठा इतिहास से जुड़ी एक अमूल्य धरोहर – राजे रघुजी भोसले प्रथम की ऐतिहासिक तलवार – के भारत आगमन के बाद अब उपराजधानी नागपुर में उसके स्वागत की तैयारी अंतिम चरण में है। यह तलवार अक्टूबर माह के अंत तक नागपुर पहुंच सकती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजे मुधोजी भोसले ने बुधवार को यूसीएन न्यूज़ से बातचीत में बताया कि तलवार के नागपुर आगमन को लेकर प्रक्रिया प्रगति पर है और नागपुरवासियों का लंबा इंतजार अब जल्द ही समाप्त होने वाला है।

**मुख्यमंत्री और सांस्कृतिक मंत्री लेंगे अंतिम निर्णय :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, तलवार के आगमन और इसके सार्वजनिक प्रदर्शन से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताओं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार शीघ्र ही एक उच्च-स्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में नागपुर में तलवार लाने की तिथि, स्थान एवं प्रस्तुति की रूपरेखा तय की जाएगी।

**सांस्कृतिक गौरव से जुड़ेगा नागपुर :** राजे रघुजी प्रथम की तलवार नागपुर के इतिहास और मराठा विरासत का अहम हिस्सा मानी जाती है। इसके आगमन से शहर को न केवल सांस्कृतिक गौरव की अनुभूति होगी, बल्कि युवाओं को इतिहास से जुड़ने की प्रेरणा भी मिलेगी। नागपुर के नागरिकों और ऐतिहासिक विरासत से जुड़े संगठनों में इसे लेकर उत्साह और अपेक्षा का माहौल है।

# 33वीं वार्षिक पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा का नागपुर में भव्य शुभारंभ



**नागपुर.**

नागपुर शहर पुलिस आयुक्तालय के तत्वावधान में आयोजित 33वीं वार्षिक पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा – 2025 का शुभारंभ आज बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। यह आयोजन कटोल रोड स्थित पुलिस मुख्यालय परिसर के शिवाजी स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में चार पुलिस दलों के कुल 189 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि और अध्यक्ष के रूप में उपस्थित पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा: 'ऐसी क्रीड़ा प्रतियोगिताएं पुलिस बल में अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, मानसिक दृढ़ता और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करती हैं।'

**खेलों में दिखेगा दमखम :** स्पर्धा के दौरान पुलिसकर्मी एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, शूटिंग सहित विभिन्न खेलों में अपना कौशल और ऊर्जा प्रदर्शित करेंगे।

**उद्घाटन समारोह में रंगारंग प्रस्तुति:** कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट, बैंड प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में विभिन्न पुलिस विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह वार्षिक आयोजन न केवल खेल भावना को प्रोत्साहन देता है, बल्कि पुलिस विभाग में एकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा को भी मजबूती प्रदान करता है।

# 11 वर्षीय बालक के साथ पार्क में अनैसर्गिक कृत्य

## हत्या की दी धमकी, पोक्सो के तहत मामला दर्ज

**नागपुर.**

खापरखेड़ा में एक 11 वर्षीय बालक के साथ अनैसर्गिक कृत्य की जघन्य घटना सामने आई है। आरोपियों ने बच्चे को हत्या की धमकी देकर डराया। खापरखेड़ा पुलिस ने येडा उर्फ अनिकेत पदमाकर कोवे (27) निवासी जयभोले नगर, खापरखेड़ा तथा उसके एक नाबालिग साथी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना के अनुसार, पीड़ित बालक अपने घर के सामने खेल रहा था। तभी दोनों आरोपी वहां पहुंचे और उसे एक निर्जन परिसर में स्थित पार्क ट्रक के पास ले गए। वहां उन्होंने नाबालिग बच्चे के साथ अनैसर्गिक कृत्य किया। इस दौरान आरोपियों ने बच्चे को डराने के लिए उसे हत्या की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे चलते ट्रक के नीचे फेंक दिया जाएगा। डरे हुए बच्चे ने अंततः अपनी मां को पूरी घटना के बारे में बताया।

परिवार ने तुरंत खापरखेड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यौन शोषण के खिलाफ बने पोक्सो एक्ट की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अनिकेत को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि नाबालिग साथी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

# मामूली विवाद में 'झुंड' फेम प्रियांशु की चाकू से हत्या

**नागपुर.**

जरिपटका थाना क्षेत्र के नारा परिसर में बीती रात एक हृदयविदारक वारदात सामने आई, जहां मामूली विवाद के चलते एक कुख्यात अपराधी ने अपने ही साथी और चर्चित फिल्म 'झुंड' में अभिनय कर चुके प्रियांशु उर्फ बाबू रवि छतरी (निवासी मेकोसाबाग) की चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ध्रुव लालबहादुर साहू (निवासी नारा) को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है।

**झगड़े में बदला मौत का मंजर**

पुलिस के अनुसार, घटना की रात आरोपी ध्रुव ने प्रियांशु को उसके घर से बुलाया और नारा के ओम साई नगरी 2 स्थित एक निर्माणाधीन मकान के पास बैठकर दोनों ने साथ में शराब और गांजा का सेवन किया। नशे की हालत में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। सूत्रों के अनुसार, प्रियांशु ने पहले ध्रुव को चाकू दिखाकर धमकाया, लेकिन ध्रुव ने चाकू छीनकर अपने पास रख लिया। कुछ देर बाद विवाद फिर भड़क उठा और गुस्से में ध्रुव ने उसी चाकू से प्रियांशु पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**घटनास्थल पर खून से लथपथ मिला शव :** स्थानीय लोगों द्वारा शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो प्रियांशु अर्धनग्न अवस्था में, शरीर पर प्लास्टिक वायर लिपटी हुई, खून से लथपथ मिला। उसे तुरंत मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**दोनों पर पहले से थे आपराधिक मामले :** पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक प्रियांशु पर चोरी, घरफोड़, मारपीट जैसे कुल 15 आपराधिक मामले दर्ज थे, वहीं आरोपी ध्रुव पर भी 5 मामले पहले से दर्ज हैं। हत्या की पुष्टि के बाद प्रियांशु की बहन की शिकायत पर जरिपटका पुलिस ने धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**हत्या के पीछे की असली वजह तलाश रही पुलिस :** फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे की वास्तविक वजह जानने के लिए गहन पूछताछ कर रही है। साथ ही, मृतक और आरोपी के आपसी संबंध, पूर्व झगड़ों और आपराधिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

यह मामला न केवल शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि नशे और अपराध का मेल किस तरह से जानलेवा साबित हो सकता है।



# येरखेड़ा अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति के लिए होने पर वंजारी की उम्मीदों को झटका

**कामठी.**

येरखेड़ा नगर पंचायत के आगामी नगर अध्यक्ष पद का चुनाव अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एड. आशीष वंजारी और उनके समर्थकों को बड़ी निराशा हाथ लगी है। एड.आशीष वंजारी को अध्यक्ष पद के लिए एक मज़बूत दावेदार माना जा रहा था। उनके समर्थकों का विश्वास था कि यदि यह पद सर्वसाधारण वर्ग के लिए आरक्षित होता, तो भाजपा की ओर से उनकी उम्मीदवारी लगभग तय थी। एड. आशीष वंजारी, जो भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव भी हैं, उन्होंने लंबे समय से लोकहित में कई सराहनीय कार्य किए हैं, जिसके कारण उनकी पहचान येरखेड़ा में एक सशक्त प्रत्याशी के रूप में स्थापित हुई थी।



ज्ञात हो कि एड.आशीष वंजारी की पहचान केवल एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक समाज सेवक और जनहितैषी व्यक्ति के रूप में भी है। उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों में कन्हान नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए निर्माल्या संग्रह अभियान, रक्तदान, मेडिकल कैंप, और बचा है हुआ भोजन वितरण जैसे कई उपक्रम शामिल हैं।

एड. आशीष वंजारी येरखेड़ा नगर पंचायत आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक थे और उन्होंने नगर पंचायत के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाई। समर्थकों के अनुसार, उनकी स्मार्ट विजन (दूरदर्शिता) और सेवाभावी व्यक्तित्व उन्हें येरखेड़ा के लिए सबसे उपयुक्त बनाता है। उन्होंने राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावणकुळे के माध्यम से येरखेड़ा के विकास के लिए करोड़ों की निधि उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

एक लॉ ग्रैजुएट होने के कारण एड. आशीष वंजारी कानूनी बारीकियों को भी समझते हैं और सकारात्मक भूमिका निभाते हुए जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने येरखेड़ा के मुख्य प्रवेश मार्ग पर घनकचरा के मुद्दे को लेकर आंदोलन भी किया था। जनहित के उनके प्रयासों में प्रधानमंत्री आवास योजना को घर-घर तक पहुचाना, निशुल्क फॉर्म भरना, और पुरखों से येरखेड़ा में रह रहे लोगों को पट्टा दिलाने के लिए निवेदन देकर उन्हें मालकी हक (स्वामित्व अधिकार) दिलाने की कोशिश करना शामिल है। वह 20 वर्षों से अधिक समय से संगठन को समर्पित है और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावणकुळे के एकनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं।

### जनता का समर्थन बना वंजारी की ताकत

येरखेड़ा को विकसित शहर बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे एड. आशीष वंजारी के चुनावी प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, उनके समर्थक अब भी यह उम्मीद जता रहे हैं कि वह भविष्य में किसी अन्य महत्वपूर्ण भूमिका के माध्यम से येरखेड़ा के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी बनाए रखेंगे। एड.आशीष वंजारी जी का यह कहना है की नगराध्यक्ष पद से ज्यादा जनता और सहयोगी का उनके प्रती प्रेम एवं आशीर्वाद उनके लिए महत्वपूर्ण है।

# खापरखेडा पुलिस थाने के सामने दो बाइक की टक्कर

## > दो युवक घायल, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**खापरखेडा.**





खापरखेडा पुलिस थाने के सामने मंगलवार, 7 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हैरानी की बात यह है कि घटना पुलिस थाने के सामने होने के बावजूद खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक दर्ज नहीं की गई । इससे खापरखेडा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में घायल हुए युवकों के नाम खुशाल बबलू विश्वकर्मा (17 वर्ष, निवासी चिचोली) और नितेश ताराचंद शेरपुर (30 वर्ष, निवासी उमरी, रामटेक) हैं। बताया जाता है कि खुशाल सुबह के समय रेलवे स्टेशन मार्ग से दो महिला खेत मजदूरों को लेकर भानेगांव की ओर जा रहा था। उसी समय नितेश शेरपुर अपनी बाइक से रामटेक की दिशा में जा रहा था।

जब खुशाल पुलिस थाने–रेलवे स्टेशन रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग 247 की ओर मुड़ रहा था, तभी दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय नागरिकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चिचोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, उनमें से एक युवक की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, यह हादसा पुलिस थाने के सामने हुआ, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस ने इस मामले की कोई आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

इस विषय में पूछे जाने पर ड्यूटी पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने बताया कि "दोनों चालकों में आपसी समझौता हो गया, इसलिए मामला दर्ज नहीं किया गया ऐसी चर्चा भी भी।"

इस घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि खापरखेडा पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने में कितनी लापरवाह है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस निष्क्रियता पर नाराज़गी जताई है।

# तहसील कार्यालय के सामने जलभराव

## 'अर्जनवीसों' का कामकाज ठप्प, तहसीलदार से समाधान की मांग

**कामठी.**

तहसील कार्यालय का परिसर इस समय भारी जलभराव और कीचड़ के कारण सुर्खियों में है, जिसने न केवल आम नागरिकों बल्कि तहसील कार्यालय के सामने रोज़गार के लिए बैठने वाले 'अर्जनविसों' (दस्तावेज़ लेखक/अर्जी लेखक) के कामकाज को भी बुरी तरह प्रभावित किया है।

कार्यालय परिसर में लिखा-पढ़ी का काम करने वाले अर्जनविसों (जिन्हें आमतौर पर अर्जी नवीस भी कहा जाता है) की हालत सबसे ज्यादा खराब है। जहाँ ये लोग पहले व्यवस्थित ढंग से बैठकर लोगों के सरकारी योजनाओं, खेती-बाड़ी, और जमीन-जायदाद से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज़ तैयार करते थे, अब उन्हें जमा पानी के बीच अव्यवस्थित ढंग से इधर-उधर बैठकर काम निपटाना पड़ रहा है।

इस अव्यवस्था के कारण उनके आर्थिक कामकाज में सीधे तौर पर बाधा आ रही है। नागरिकों को भी उनके पास पहुँचने में असुविधा हो रही है, जिससे उनके कारोबार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में हर दिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक संजय गांधी निराधार योजना, आधार कार्ड, राशनिंग, और संपत्ति के कार्यों के लिए आते हैं।

लोगों को कपड़े खराब होने और चलने-फिरने में भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है, वहीं वाहनों के आने-जाने पर गंदा पानी उछलकर राहगीरों के कपड़ों पर पड़ता है, जिससे नागरिक लगातार गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। यह सारी समस्या कंपाउंड वॉल से सटी नाली की सफाई न होने के कारण पैदा हुई है, जिससे गंदा पानी परिसर में जमा होकर गड्ढों और जलभराव को विकट बना रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, अर्जनविसों एक समूह ने इस समस्या के त्वरित समाधान की मांग की है। सुधीर शंभरकर (रिपाई ज़िला अध्यक्ष), प्रमोद वर्णम (पूर्व नगरसेवक), विनोद आवले(पूर्व नगरसेवक), विकास रंगारी (पूर्व नगरसेवक) सहित अविनाश दहाट (सामाजिक कार्यकर्ता), सुरेंद्र गजभिए, आनंद मेश्राम, जयदास रंगारी, शशिकांत रामटेके, शेख़ कुतुब शेख़ हसन, राजेश लांजेवार, राजू वसीम, राकेश पाटील और कई अन्य अर्जनविसों ने तहसीलदार गणेश जगदाले से जल्द से जल्द नाली की सफाई और कार्यालय परिसर में जल निकासी की उचित व्यवस्था करवाने की अपील की है, ताकि नागरिक और अर्जनविस दोनों ही इस दैनिक परेशानी से निजात पा सकें।



# शहर में लगातार दूसरे दिन हिट एंड रन

## > खरबी चौक में बस की चपेट में आकर युवती को मौत

**नागपुर.**

शहर में हिट एंड रन की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। लगातार दूसरे दिन हुई ऐसी ही एक दर्दनाक दुर्घटना में एक 17 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 7:14 बजे वाठोड़ा थाना क्षेत्र के खरबी चौक में यह हादसा हुआ, जब सफेद रंग की एक निजी बस ने ओवरटेक करते समय स्कूटी पर जा रही युवती को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवती सिमेंट रोड पर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान भाग्यश्री जियालाल टेंभरे (17, निवासी मां अम्बे नगर, जिजामाता नगर, खरबी) के रूप में हुई है। भाग्यश्री के.डी.के. कॉलेज, नंदनवन में कक्षा 11वीं की छात्रा थी। हर दिन की तरह वह सुबह गरीब नवाज चौक से खरबी चौक की ओर अपनी मोपेड से ट्यूशन क्लास के लिए जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आई एक निजी बस ने उसे टक्कर मारी थी। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। स्थानीय नागरिकों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर भाग्यश्री को सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाठोड़ा पुलिस ने फरार बस चालक के खिलाफ हिट एंड रन का मामला दर्ज कर बाद में गिरफ्तार किया है। यह घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। हालांकि इस घटना के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने रोड को जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। नागरिकों का आरोप है कि इस परिसर में अवैध रूप से भारी वाहनों के आवागमन और सड़क पर अतिक्रमण की वजह से ही आये दिन ये हादसे हो रहे हैं जिन पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। गौरतलब है कि रविवार को भी अजनी थाना क्षेत्र के बंजारी नगर में ऐसी ही हिट एंड रन की घटना हुई थी, जिसमें कार चालक ने प्रसाद काले नामक दुपहिया सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया था जिसकी भी बाद में मौत हो गई। लगातार दूसरे दिन हुए इन हादसों से शहर में हड़कंप मच गया है और नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

## 145 लोगों को मिला लाभ व मुफ्त चश्मे

**कन्हान.**

शहर में सोमवार, 6 अक्टूबर को जनता मेडिकल स्टोर्स एवं माधव नेत्रालय के संयुक्त सौजन्य से एक बेहद सफल मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अविनाश अग्निहोत्री ने किया। इस सामाजिक उपक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्याम पीपलवा, पी. के. तुरकर, शिवा कुकड़े, ए. आर. शाह, दिनेश ढ़ोके, पानतावने, प्रमोद वंजारी, साकेत चौहान, कुशल डायरे, आंचल सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक चरण में नेत्र संबंधी रोगों की पहचान सुनिश्चित करना था।




इस शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम ने कुल 145 लोगों की नि:शुल्क नेत्र जांच की और उन्हें महत्वपूर्ण परामर्श सेवाएँ प्रदान कीं। दृष्टि की आवश्यकता वाले नागरिकों को मुफ्त चश्मे भी वितरित किए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और दोनों संस्थाओं के इस परोपकारी कार्य की जमकर सराहना की। जनता मेडिकल स्टोर्स और माधव नेत्रालय ने भविष्य में भी इसी तरह के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि नेत्र स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक से अधिक लोगों तक पहुच सकें।

# पोरवाल कॉलेज के छात्र शौर्य यादव का क्षेत्रीय कुश्ती के लिए चयन

**कामठी.**

खेल एवं युवा कार्यक्रम निदेशालय, पुणे के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर स्थित कवि सुरेश भट्ट सभागार, रेशम बाग में किया गया। इसमें सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के शौर्य यादव ने 17 वर्षीय बालक वर्ग में लगातार दो पारियाँ जीतकर क्षेत्रीय स्तर के लिए अपनी जगह पक्की की। दूसरे मुकाबले में उन्होंने मोड़ा के पहलवान को हराया। तीसरे मुकाबले में उन्होंने उमरेड के पहलवान को हराया। तीसरे मुकाबले में उन्होंने भिवापुर के पहलवान को हराकर क्षेत्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया।




इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी स्वप्निल बंसोड़ उपस्थित थे। मौदा तालुका की खेल समन्वयक निर्वाण मैडम भी उपस्थित थीं। शौर्य यादव को कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. मल्लिका नागपुरे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात, उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक वी.बी. वंजारी सहित कॉलेज के सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भी शौर्य यादव को बधाई दी और अगली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# संतान न होने पर प्रताड़ना, महिला ने की आत्महत्या

## > पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

शहर में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां शादी के 16 साल बाद भी संतान न होने के कारण पारिवारिक उत्पीड़न से परेशान एक विवाहित महिला ने आत्महत्या कर ली। यह घटना गिट्टीखदान थाना क्षेत्र की है। मृतका का नाम अर्चना नितिन पाटिल बताया जा रहा है। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि अर्चना को उसके पति नितिन दिनकर पाटिल और सास शारदा दिनकर पाटिल लगातार मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रताड़ित करते थे।

विवाह के बाद 16 वर्षों तक संतान न होने पर सास और पति दोनों ही उसे बार-बार ताने मारते, उसके चरित्र पर सवाल उठाते और सबके सामने उसका अपमान करते थे। लगातार मिल रही इस यातना से तंग आकर अर्चना ने 19 सितंबर को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआत में पुलिस ने इस मामले को आकस्मिक मृत्यु मानकर जांच शुरू की थी।

लेकिन, गहन जांच के बाद सामने आया कि आत्महत्या के पीछे लंबे समय से चल रहा पारिवारिक छळ और मानसिक उत्पीड़न ही मुख्य कारण था। पुलिस ने इस संबंध में पति नितिन दिनकर पाटिल और सास शारदा दिनकर पाटिल को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों पर कौटुंबिक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# 'चरित्र संपन्नता, कठोर परिश्रम और सतत ज्ञानार्जन

## सफल जीवन का मूलमंत्र: नंदाताई तातोडे

**कोंढाली.**

शिक्षा केवल डिग्री पाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला दीपस्तंभ है। चरित्र-संपन्नता, कठोर परिश्रम और निरंतर ज्ञानार्जन ही सफल जीवन की तीन मूलभूत कुंजियाँ हैं। मोबाइल का उपयोग संयमित करें, क्योंकि आप ही इस देश का भविष्य हैं।

ऐसे प्रेरणादायी विचार लाखोटिया भुतडा हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय की माजी प्राचार्या नंदाताई तातोडे ने व्यक्त किए। वे राजेंद्रसिंह (बाबा) व्यास कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोंढाळी में आयोजित गुणवंत छात्र सम्मान समारोह एवं पालक मेळावा (अभिभावक सम्मेलन) तथा स्व. राजेंद्रसिंह व्यास की 33वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही थीं. 'ध्येय निश्चित (तय ) करें, सतत सीखते रहें' डॉ. पूजा गायकवाड़ कार्यक्रम का उद्घाटन कोंढाळी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. पूजा गायकवाड़ के हस्ते हुआ।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा,'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के विचारों की तरह जीवन में ऊँचा लक्ष्य तय करें, लगातार सीखते रहें, कठिन परिश्रम करें और महान जीवन जीने का साहस रखें।





साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक जनजागृति के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाहन भी किया।

शिक्षा ही जीवन का सामर्थ्य है' पुलिस उपनिरीक्षक गौरी ऊईके कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोंढाळी पुलिस स्टेशन की उपनिरीक्षक गौरी ऊईके ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, आत्मरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा,'उच्च शिक्षा हमें ज्ञान का सामर्थ्य देती है। यह जीवन के हर चुनौतीपूर्ण मोड़ पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करती है और करियर निर्माण की राह खोलती है। संस्थान की प्रबंधन समिति सदस्य प्रमिला सिंह चंदेल ने कहा,'पूरी शिक्षा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त ज्ञान व्यक्ति को स्वावलंबी, जिम्मेदार और समाजोन्मुख बनाता है। इस अवसर पर गुणवंत विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का मान्यवर अतिथियों के हस्ते सत्कार किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजू खरडे ने प्रास्ताविक भाषण के माध्यम से महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति का आढावा लिया।उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आवाहन किया।



### 'शिक्षा व्यक्तित्व विकास की कुंजी है : दुर्गा प्रसाद पांडे

समाजसेवक दुर्गा प्रसाद पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, शिक्षा जीवन के हर चरण में व्यक्तित्व निर्माण करती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है और मनुष्य को सही दिशा देती है। हर अभिभावक का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को उत्तम शिक्षा दें और उन्हें सफलता की ओर प्रेरित करें।"

### स्व. राजेंद्रसिंह व्यास पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

स्व. राजेंद्रसिंह उर्फ बाबा व्यास की 33वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में स्व. राजेंद्रसिंह व्यास मेमोरियल ट्रस्ट एवं श्री संत गुलाब बाबा शिक्षण संस्था, कोंढाळी के संयुक्त तत्वावधान में जीवनज्योति ब्लड बैंक, नागपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर का आयोजन राजदिपसिंह व्यास के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह व्यास, प्रबंधन समिति सदस्य स्वप्निलसिंह व्यास, अभिजीत चव्हाण, ज्येष्ठ समाजसेवक प्रभूदयाल शर्मा, सुरेंद्र भाजिखाये, संजय राऊत, राजदिपसिंह व्यास, तथा प्राध्यापक वर्ग से डॉ. एल.आर. घागरे, डॉ. गोपिचंद कठाणे, डॉ. प्रज्ञासा उपाध्याय, डॉ. विजय भोसे, विजयसिंह परिहार सहित अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिदास लाडके एवं डॉ. गोपिचंद कठाने ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. एल.आर. घागरे ने व्यक्त किया।

# वाड़ी न.प. चुनाव 2025 के लिए आरक्षण ड्रॉ पूरा

## 13 प्रभागों में तय हुआ आरक्षण, कई सीटें महिलाओं के नाम

### > महिलाओं को मिला बड़ा प्रतिनिधित्व




**वाडी.**

वाडी नगर परिषद की सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए 7 अक्टूबर को नगराध्यक्ष पद का रोस्टर (ओपन) हुआ। जिसके बाद आरक्षण सोडत का कार्यक्रम 8 अक्टूबर की सुबह 11 बजे नगर परिषद कार्यालय में स्कूली बच्चों के हाथों चिट्ठियां निकालकर आरक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस सोडत में वाडी नगर परिषद क्षेत्र के सभी 13 प्रभागों के लिए आरक्षण की घोषणा की गई।इस बार की सोडत में महिलाओं को बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है। कुल 13 प्रभागों में से आधे से अधिक प्रभाग महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जमाती, नागरिक मागास प्रवर्ग (ओबीसी) और सर्वसाधारण वर्ग में महिलाओं को समान रूप से अवसर दिया गया है।

इस आरक्षण के बाद अब चुनावी माहौल तेज होने की उम्मीद है। कई प्रभागों में आरक्षण में बदलाव के कारण संभावित उम्मीदवारों को अपनी रणनीति में फेरबदल करना पड़ सकता है। स्थानीय स्तर पर नागरिकों में इस सोडत के बाद चुनावी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में नगर परिषद चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों में उनके पक्ष का आरक्षण घोषित होने की जानकारी जताई है।

### प्रभाग अनुसार आरक्षण इस प्रकार घोषित हुआ:

प्रभाग क्र. 1 (अ) : अनुसूचित जाति (महिला)
प्रभाग क्र. 1 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 2 (अ) : अनुसूचित जाति (महिला)
प्रभाग क्र. 2 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 3 (अ) : अनुसूचित जमाती (महिला)
प्रभाग क्र. 3 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 4 (अ) : नागरिक मागास प्रवर्ग
प्रभाग क्र. 4 (ब) : सर्वसाधारण (महिला)
प्रभाग क्र. 5 (अ) : नागरिक मागास प्रवर्ग (महिला)
प्रभाग क्र. 5 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 6 (अ) : नागरिक मागास प्रवर्ग
प्रभाग क्र. 6 (ब) : सर्वसाधारण (महिला)
प्रभाग क्र. 7 (अ) : अनुसूचित जाति
प्रभाग क्र. 7 (ब) : सर्वसाधारण (महिला)
प्रभाग क्र. 8 (अ) : नागरिक मागास प्रवर्ग (महिला)
प्रभाग क्र. 8 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 9 (अ) : नागरिक मागास प्रवर्ग (महिला)
प्रभाग क्र. 9 (ब) : सर्वसाधारण
प्रभाग क्र. 10 (अ) : अनुसूचित जाति (महिला)
प्रभाग क्र. 10 (ब) : नागरिक मागास प्रवर्ग
प्रभाग क्र. 11 (अ) : अनुसूचित जाति
प्रभाग क्र. 11 (ब) : सर्वसाधारण (महिला)
प्रभाग क्र. 12 (अ) : अनुसूचित जाति
प्रभाग क्र. 12 (ब) : सर्वसाधारण (महिला)
प्रभाग क्र. 13 (अ) : अनुसूचित जाति (महिला)
प्रभाग क्र. 13 (ब) : नागरिक मागास प्रवर्ग (महिला)
प्रभाग क्र. 13 (क) : सर्वसाधारण

# नगराध्यक्ष पद सर्व साधारण महिला के लिए आरक्षित

## > वोटरों की नजर केदार, मुलक, जैसवाल और बावनकुले की रणनीति पर

**पारशिवनी.**

नगरपंचायत आरक्षण जाहिर होते राजनैतिक नेताओं मैं पारशिवनी नगरपंचायत की सत्ता काबीज करने के लिए रणनिती तयार कि जा रही है। सोमवार को नगरपंचायत अध्यक्ष का आरक्षण जाहीर हुआ। पारशिवनी नगरपंचायत अध्यक्ष के लिए सर्व साधारण महिला के लिए आरक्षित हुआ है। जिस से महिला राज नगरपंचायत पर होगा। पिछले चुनाव मै नगरपंचायत अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित था। भाजपा के भुत पूर्व तत्कालीन विधायक रेड्डी, शिवसेना के विधायक आशिष जैसवाल इन दोनो नेताओं ने अपने अपने पक्ष के स्वतंत्र उम्मेदवारों को चुनाव में उतारा था। सबसे ज्यादा भाजपा के कुल 11 सदस्य चुनकर आये थे ।पर नगराध्यक्ष पद के उमेदवार की चुनाव में हार होने से नगरपंचायत की सत्ता पाने से भाजपा को कामयाबी साहील नहीं हो सकी थी।

वहीं शिवसेना के पूर्व विधायक तत्कालीन मंत्री आशिष जैसवाल ने भी पुरजोर कोशिश कर अकेले दम पर नगरपंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशीयों को चुनाव में उतार कर रंगत तो बड़ाई थी।




लेकीन नगरपंचायत चुनाव में तिन हि उमेदवार चुनकर आये थे। साथ मैं नगराध्यक्ष महिला उमेदवार की जित शिवसेना के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होने सै नगरपंचायत पर सत्ता साहील करने मैं शिवसेना सफल हुई थी। शिवसेना का नगराध्यक्ष होने भाजपा को उपाध्यक्ष पद पर ही संतुष्ट होकर पांच साल नगरपंचायत मै दोनों ने मिलकर कार्य किया। जब की कांग्रेस के मात्र दो प्रत्याशियों को जित हासिल हुई थी। कांग्रेस नगराध्यक्ष पद के प्रत्याशी की हार का फांसला बोहोत ही कम का था।

पारशिवनी नगरपंचायत अध्यक्ष का आरक्षण महिला के लिए आरक्षित होने से इस बार कांग्रेस की और सै भुत पूर्व सरपंच सुनिता डोमकी की दावेदारी पक्की मानी जा रही है।वहीं भाजपा शिवसेना की युती होने पर भाजपा के पास सक्षम महिला उमेदवार के रुप में संभावितों मैं भुत पूर्व सदस्य अनिता भड, डॉ,माधुरी बावनकुळे, छाया येरखेडे,भुत पूर्व सदस्य गोंणाडे, भुत पूर्व सदस्य,धुरई, भुत पूर्व नगरपंचायत उपाध्यक्ष माधुरी भिमटे, साथ हि अन्य भाजपा महिला कार्यकर्ता भी नगराध्यक्ष के उमेदवार की रेस मैं हो सकते हैं। कॉंग्रेस नेता सुनील केदार , राजेंद्र मुलक ,प्रकाश डोमकी नगरपंचायत चुनाव को देखते हुए इस बार कांग्रेस को सत्ता दिलानें के लिए हरसंभव प्रयास कर पुराना गत वैभव फिर सै कांग्रेस को दिलाने के लिए पुरजोर कोशिश कर नगरपंचायत पर अपनी सत्ता काबीज करने की तयारी मैं है।


### टिकट बंटवारे पर टिकी नजरें

शिवसेना की और से सक्षम महिला को अध्यक्ष पद के लिए पुर्व नगराध्यक्ष प्रतिभा कुभंलकर को फिर से चुनावी मैदान मै उमेदवार के रुप में उतारा जा सकता है. शिवसेना की और से भुत पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष प्रतिभा कुभंलकर को पूर्ण दुबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतारा जाने की संभावना है। शिवसेना विधायक (मंत्री) आशिष जैसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र की नगरपंचायत पर अपना दबदबा कायम रखने के लिए इस चुनाव में अपने ही पक्ष का अध्यक्ष हो इस लिए भाजपा से युती होने पर तिकिट बंटवारे के समय क्या रणनीति अपनाते हैं इस और सभी का ध्यान लगा है। वहीं भाजपा इस बार आया मौका गवाने को तयार नहीं होगी। भाजपा नेता की और सै इस बार अपना अध्यक्ष नगरपंचायत मैं हो इसलिए पुरजोर कोशिश करेगी।

### पुराने पार्षद को मौका या नया चेहरा

इस बार होने वाले नगरपंचायत चुनाव मै शिवसेना भाजपा मैं गठबंधन होता है तो उम्मेदवारों का चैन करते समय नेताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शिवसेना की और सै ज्यादातर जगहों पर दावा किया जा सकता है। पर वही पुराना इतीहास देखा जाता है तो पिछली बार भाजपा के सबसे ज्यादा नगरसेवक स्थानिक नगरपंचायत चुनाव मै चुनकर आये थे। इसलिए भाजपा अपना दावा इन जगहों पर दुबारा करने की संभावना जताई जा रही है। जिस से आने वाले दिनों मैं तिकिट बंटवारे के समय शिवसेना भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ सकती है। वहीं कांग्रेस नेता प्रकाश डोमकी इस बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दम पर किसी भी हालात में इस चुनाव में कांग्रेस को जित दिलाने में कोई कसर नहीं रखेगी। पिछली बार बोहोत ही कम अंतर से कांग्रेस के प्रत्याशी की नगर अध्यक्ष की हार हुई थी । इस हार का बदला लेकर जित मैं तबदिल करने की कोशिश कर पूर्ण बहुमत की सरकार नगरपंचायत पर स्थापित करने का प्रयास कर कांग्रेस नेताओं की और सै किया जा सकता है। इस और मतदाताऔ में चर्चा का माहोल दिखाई दे रहा है।

# किसानों को सूखा राहत दिलाने के लिए शिवसेना का प्रदर्शन



**कामठी.**

बुधवार, 8 अक्टूबर को तहसील के किसानों को सूखे के कारण हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर शिवसेना उबाठा एक बड़ा प्रदर्शन किया गया।

सूखाग्रस्त किसानों और नागरिकों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से किए गए इस प्रदर्शन में, सभी जिला प्रमुखों और तहसील स्तर के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आंदोलनकारियों का मुख्य लक्ष्य इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना और सूखा पीड़ितों को जल्द से जल्द नुकसान भरपाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर दबाव डालना था।

इस सफल आंदोलन में संगठन के कई प्रमुख चेहरे मौजूद थे। इनमें नागपुर ज़िला संघटक प्रमुख राधेशाम हटवार, तालुका संघटक प्रमुख मुकेश यादव, तालुका प्रमुख रवी निकाळजे, उप तालुका प्रमुख श्रीराम हटवार और युवासेना उपजिला प्रमुख पवन शर्मा जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। इनके अलावा, अल्पसंख्याक तालुका प्रमुख मनसा पटेल, शहर प्रमुख रितेश केजरकर, और कामगार सेना, विद्यार्थी सेना, एवं छावनी परिषद के प्रमुख पदाधिकारी जैसे शरद भूषणवार, प्रशांत खोब्रागडे, विनोद यादव, राजू चहांदे, रितेश पाटील सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों और शिवसैनिकों ने एकजुट होकर प्रदर्शन को सफल बनाया।

# माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षित करें: अनूप कुमार

## > ग्रामीणों द्वारा नालंदा अकादमी को 68 हज़ार का धम्म दान

**गौल.**



जो छात्र शिक्षा प्राप्त करके भविष्य में कुछ बन सकता है, उसे पूरी शिक्षा मिलनी चाहिए। नालंदा अकादमी के निदेशक अनूप कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और उन्हें बडा बनाए ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

मंगलवार, 7 अक्टूबर को सुप्रिया महिला मंडल द्वारा यहाँ के बौद्ध विहार में वर्षावास दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नालंदा अकादमी के निदेशक अनूप कुमार मुख्य अतिथि और मार्गदर्शक के रूप में बोल रहे थे।

आगे बोलते हुए, अनूप कुमार ने कहा कि छात्रों को परिस्थिति के अनुसार परीक्षाएँ देनी पड़ती हैं, लेकिन हमारी नालंदा अकादमी में सभी स्तरों के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। अभिभावकों से कोई आवास, भोजन या शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाता है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्श को ध्यान में रखते हुए, छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना देखना चाहिए और पायलट, कलेक्टर, इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करके आगे बढ़ना चाहिए। तभी आप डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपने को पूरा कर सकते हैं, ऐसा अनूप कुमार ने कहा। अब तक नालंदा अकादमी से दो हजार छात्र पढ़ चुके हैं और साठ छात्र विदेश में हैं।

इस नालंदा अकादमी को सहायता के रूप में, गौल के ग्रामीणों द्वारा 68 हजार रुपये धम्मदान के रूप में दिए गए। इसमें से समाजसेवी चद्रमणि मुन ने भवन के लिए 35 हजार रुपये के लोहे और सीमेंट की लागत का भुगतान किया और 33 हजार रुपये नकद दिए गए। इस समय कार्यक्रम में दीपक नारंजे, व्यवसायी प्रशांत जारुंडे, मारोतराव लोहवे, चंद्रमणि मुन, पांडुरंग राजरत्न, योगेश कांबळे, विवेक मुन, पुलिस पाटिल अरविंद कांबळे, दशरथ भुजाडे उपस्थित थे। हरीश गोटे ने कार्यक्रम का संचालन किया और विवेक मुन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के आयोजन में सुमेध सेलकर, विजय जारुंडे, गजानन मोडक, राहुल थुल, सागर कांबळे, राहुल मोडक, अर्पित मुन और सुप्रिया महिला मंडल ने सहयोग किया।

# श्यामसुंदर राठी जैसे निष्ठावान समाजसेवकों की समाज को आवश्यकता

## > विधायक सुमीत वानखेड़े

**आर्वी.**





अपने कार्य को ईमानदारी और समर्पण से करने वाले लोग बहुत कम होते हैं। जिस कार्य के लिए किसी की नियुक्ति होती है, उस कार्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाकर समाज में अपनी अलग पहचान बनानी चाहिए।

इसी विचारधारा पर चलते हुए श्यामसुंदर राठी ने अपने कार्य से समाज में एक प्रेरणादायी छाप छोड़ी है। ऐसे ही ईमानदारी से कार्य करने वाले समाजसेवकों की आज समाज को आवश्यकता है, ऐसा प्रतिपादन विधायक सुमीत वानखेडे ने किया।

वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में भारत सेवक समाज, आर्वी द्वारा वरिष्ठ समाजसेवक श्यामसुंदर राठी के सत्कार समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वसंत गुल्हाणे और संस्था के सचिव जगन्नाथ बेलवे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। श्यामसुंदर राठी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। जरूरतमंद छात्रों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण और ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों को कंबल प्रदान करने जैसे उपक्रम समाज के लिए राहत देने वाले हैं, ऐसी भावना इमरान राही ने व्यक्त की। संस्था की ओर से श्यामसुंदर राठी का सम्मान शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर श्यामसुंदर राठी ने मुख्यमंत्री सहायता निधि में 21,000 का धनादेश विधायक सुमीत वानखेडे को सुपुर्द किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था के सचिव जगन्नाथ बेलवे ने की, संचालन नंदकिशोर दीक्षित ने किया और आभार प्रदर्शन प्रेमराज पालीवाल ने किया। कार्यक्रम में सुरेश चांडक, दिलीप खंडेलवाल, अधिवक्ता मनोहर गुल्हाणे, अनिल जोशी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# देवली में निकाला गया वार्ड आरक्षण ड्रॉ

**देवली.**




देवली नगर परिषद का वार्डवार आरक्षण ड्रा दोपहर 12 बजे नगर परिषद हॉल में निकाला गया। यह ड्रा वर्धा के उपजिलाधिकारी अनिल गावित और नगर परिषद देवली की मुख्य अधिकारी नेहा आकोड़े की उपस्थिति में निकाला गया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के हाथों आरक्षण ड्रा पर्चियाँ निकालकर आरक्षण ड्रा की घोषणा की गई।

देवली नगर परिषद में कुल दस वार्ड हैं और सदस्यों की संख्या 20 है, जिनमें से दस सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। ड्रा के अनुसार, वार्ड 1 में अनुसूचित जाति और सामान्य महिला, वार्ड 2 में अनुसूचित जाति महिला और सामान्य, वार्ड 3 में अनुसूचित जाति महिला और सामान्य, प्रभात 4 में सामान्य महिला और सामान्य, प्रभात 5 में ना.मा.प्र. और सभी सामान्य महिलाएँ, वार्ड 6, 7, 8 में ना.म.पा. और सभी सामान्य महिला, प्रभाग 9 में अनु. जाती सामान्य, प्रभाग 10 में ना.म.प्र. सामान्य महिला इस प्रकार आरक्षण निकाला गया.

इससे पहले, देवली नगर परिषद में सदस्यों की संख्या 17 थी, जिनमें से 11 भाजपा के और 6 कांग्रेस के थे, और नगराध्यक्ष भाजपा से थे। इस बार चुनाव प्रक्रिया में नप अधीक्षक समीक्षा गुरदे, सुनील ताकसांडे, श्रीनाथ शिरगे व अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया।

भाजपा जिला सचिव राहुल चोपड़ा, पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र मदनकर, पूर्व नगराध्यक्ष जब्बार तवर, पूर्व नगराध्यक्ष सुरेश वैद्य, विजय गोमासे, किरण ठाकरे, प्रवीण कात्रे, अजय देशमुख, दिलीप कारोटकर, बाबा कारोटकर, उमेश कामड़ी, संजय कपूर आदि उपस्थित थे।

# 'नशामुक्त अकोला' की दिशा में बड़ा कदम

## >226 किलो गांजा जलाकर किया नष्ट

**अकोला.**



अकोला जिला पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ सशक्त और अनुकरणीय कदम उठाते हुए 11 प्रकरणों में जब्त 226 किलो गांजा को कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर नष्ट किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के नेतृत्व में अंमली पदार्थ निर्मूलन विशेष अभियान के तहत की गई, जिससे जिलेभर में पुलिस की दृढ़ कार्यशैली की सराहना हो रही है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत, विशेष अंमली पदार्थ टास्क फोर्स, महाराष्ट्र राज्य के निर्देशानुसार तथा भारत सरकार के राजस्व विभाग के शासन निर्णय क्रमांक जीआरएस 899 , 23 दिसंबर 2022 के मार्गदर्शन में यह नाश प्रक्रिया संपन्न की गई। इस हेतु महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल, मुंबई तथा ,नई दिल्ली से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई थी।

7 अक्टूबर को अकोला पुलिस मुख्यालय के सीलबंद गोदाम से, पंचों और अधिकारियों की उपस्थित में तथा संपूर्ण वीडियोग्राफी के माध्यम से मुद्देमाल बाहर निकाला गया। कुल 11 प्रकरणों में जप्त 226 किलो गांजा को, महाराष्ट्र एनविरो पावर लिमिटेड., बुटीबोरी, नागपुर में पर्यावरणीय नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से जलाकर नष्ट किया गया।

पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई और इस दौरान दो सरकारी पंच उपस्थित रहे। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक चंद्रकांत रेड्डी, उपअधीक्षक (गृह) उलेमाले, पो.नि. शंकर शेळके,पीएसआई गोपाल जाधव, एएसआई गणेश पांडे, राजपालसिंह ठाकुर, हेड कॉन्स्टेबल विलास बंकावार, संदीप तवाडे और स्वप्नील चौधरी ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

अकोला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अंमली पदार्थों का निर्मूलन ही नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ सामाजिक जागरूकता भी उनका प्रमुख उद्देश्य है। पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक ने कहा कि, नशे का धंधा समाज की जड़ों को कमजोर करता है। अकोला पुलिस नशामुक्त समाज की दिशा में सतत और सशक्त रूप से कार्यरत है, और भविष्य में भी यह अभियान और अधिक तीव्र गति से जारी रहेगा। इस कार्रवाई की नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है। लोगों ने कहा कि यह केवल एक पुलिस कार्रवाई नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छ और नशामुक्त वातावरण की दिशा में एक प्रेरक कदम है।

# राकेश तिवारी पर देशद्रोह का केस दर्ज करें, आंबेडकरवादी संगठनों व राजनीतिक दलों की मांग

**घुग्घूस.**



नवबौद्ध स्मारक तथा बहुउद्देशीय समिति, घुग्घूस, बौद्ध सर्कल समिति, घुग्घूस, और सभी फुले, शाहू, आंबेडकरवादी संगठनों व राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर 6 अक्टूबर को हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए हमलावर वकील राकेश किशोर तिवारी पर *देशद्रोह का मुकदमा* दर्ज करने की मांग की है। समिति ने राष्ट्रपति (घुग्घूस पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक, प्रकाश राऊत के माध्यम से) को सौंपे गए ज्ञापन में इस हमले को संपूर्ण न्याय व्यवस्था, संवैधानिक स्वतंत्रता, और लोकतांत्रिक मूल्यों पर 'कायरतापूर्ण हमला' करार दिया है।

दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट में सोमवार (6 अक्टूबर 2025) को कोर्ट नंबर 1 में सुनवाई के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर (दिल्ली बार काउंसिल पंजीकरण नंबर D/1647/2009) ने माननीय मुख्य न्यायाधीश गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। यह प्रयास असफल रहा और जूता मुख्य न्यायाधीश को नहीं लगा, फिर भी यह घटना न्यायिक सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर है। किशोर को तुरंत सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया और कोर्ट से बाहर ले जाया गया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोर को देशभर के सभी कोर्ट, ट्रिब्यूनल, या अधिकारियों के समक्ष वकालत करने से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। बीसीआई के अध्यक्ष माणन कुमार मिश्रा ने इस कृत्य को 'कोर्ट के सम्मान के खिलाफ' और वकालत कानून का उल्लंघन बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना की निंदा करते हुए मुख्य न्यायाधीश गवई से व्यक्तिगत रूप से बात की और कहा कि यह ऐसा कृत्य है जो 'हर भारतीय को गुस्सा दिलाएगा'। कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों ने भी इसे "नफरत और कट्टरता का प्रसार' बताकर कड़ी निंदा की है।

**समिति की प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं:** 1. जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त राकेश किशोर तिवारी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए (आईपीसी धारा 124A के तहत)

2. इस गंभीर मामले की जांच के लिए तत्काल तीन सदस्यीय आयोग गठित किया जाए।

3. हमले के पीछे किशोर के साथ किसी संगठन या संस्था की संलिप्तता की जांच की जाए और ऐसी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया जाए। 4. जाति-धर्म के नाम पर देश की एकता और अखंडता पर हमला करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए।

# आंदोलनकारियों की रैली पर ब्रेक

**वाडी.**




अमरावती से मोर्शी मार्ग पर बिना परमिट चल रही संत गाडगेबाबा ट्रैव्हल्स बसों को बंद करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजु वानखडे के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने आज बुधवार 08 अक्टूबर 2025 नागपुर स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर शांतिपूर्ण ठिय्या आंदोलन के लिए जा रहे थे।ये आंदोलनकारी ग्रामवासी ट्रेवल्स में परिवहन कर के वाडी पुलिस थाने की और से नागपुर शहर की और रवाना हो ही रहे थे कि पुलिस को जानकारी मिलते ही वाडी थाने के हद्द में वडधामना तक पहुंचे।

हालांकि, पुलिस प्रशासन ने आंदोलनकारियों को नागपुर बॉर्डर पर ही रोक लिया। आंदोलनकारी अपने साथ प्रतीकात्मक रूप से अनाज-दाना लेकर पहुंचे थे, जो उनके शांतिपूर्ण आंदोलन का प्रतीक था। उनका कहना था कि जब तक बिना परमिट चल रही बसों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, वे मंत्रालय तक पैदल कूच करने को तैयार हैं। राजु वानखडे ने मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री मा. देवेंद्र फडणवीस को भेजे निवेदन में बताया कि संत गाडगेबाबा ट्रैव्हल्स की बसें -एमएच-27 बीएक्स 3435, एमएच-27 बीएक्स1543, एमएच-14 एचजी 3646, और एमएच-27 ए 9614 - पिछले कई वर्षों से बिना लाइसेंस अमरावती- मोर्शी मार्ग पर चल रही हैं। बस मालिक अशोक रेवसकर और सुमित रेवसकर पर गुंडागर्दी, धमकी और अवैध संचालन के कई आरोप लगे हैं। आवेदन में यह भी कहा गया है कि आरटीओ अमरावती को कई बार शिकायतें देने और यहां तक कि प्रादेशिक परिवहन आयुक्त मुंबई द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें- अमरावती से मोर्शी मार्ग पर बोराळा स्टॉप के पास आरटीओ का फिक्स पॉइंट स्थापित किया जाए। संत गाडगेबाबा ट्रैव्हल्स की बिना परमिट बसों को तत्काल बंद किया जाए।आरटीओ अमरावती के वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित किया जाए। एस.टी. महामंडल को हुए नुकसान की वसूली संबंधित अधिकारी के वेतन से की जाए।

राजु वानखडे ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे और उनके समर्थक मंत्रालय मुंबई तक पैदल मार्च करेंगे। आंदोलन के बीच में सीताबर्डी थाने के पुलिस कर्मियों ने आंदोलनकारी राजेश वानखडे,चंद्रकांत पाटिल,योगेश भगत,नामदेव खडसे,अंबादास राउत,दिलीप पांडे,शिवकन्या खराते को मौतें से ले गई।

# हिंगनघाट न.प. आम चुनाव 2025

## > राजनीतिक तस्वीर बदलेगी!

## > आरक्षण लॉटरी घोषित - महिलाओं को मिला बड़ा अवसर

**हिंगनघाट.**






हिंगनघाट नगर परिषद आम चुनाव 2025 के लिए प्रभागनिहाय आरक्षण की लॉटरी आखिरकार घोषित हो गई है।

इस घोषणा के बाद शहर की राजनीति में नई हलचल और उत्साह देखने को मिला है। कुल 20 प्रभागों की 40 सदस्य पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य मागासवर्ग (ओबीसी) तथा सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया है। इस बार की आरक्षण लॉटरी में महिलाओं को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व दिया गया है।

लगभग प्रत्येक प्रभाग में एक सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इसी कारण इस चुनाव में महिला नेतृत्व का उभार निश्चित माना जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू है कि, यह चुनाव हिंगनघाट में महिला नेतृत्व का नया अध्याय लिखने वाला साबित होगा।

इस आरक्षण से सभी सामाजिक घटकों को समान प्रतिनिधित्व मिला है। महिलाओं, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित समाज से नए नेतृत्व के उभरने की संभावना बढ़ गई है।

राजनीतिक समीकरणों में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। हर पार्टी अब इस नए आरक्षण के आधार पर अपनी रणनीति तय कर रही है, जबकि कुछ जगहों पर आंतरिक असंतोष और मतभेद उभरने की भी संभावना जताई जा रही है। नई पीढ़ी के नेतृत्व और महिला भागीदारी का चुनाव साबित हो सकता है। आरक्षण लॉटरी ने हिंगणघाट की राजनीति में नए रंग भर दिए हैं, और मतदाताओं की अपेक्षाएं अब स्पष्ट रूप से विकास और कार्यक्षमता पर केंद्रित दिखाई दे रही हैं।

आरक्षण प्रक्रिया उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतारे और मुख्याधिकारी प्रशांत उरकुडे के उपस्थिती में संपन्न हूई.

### प्रभाग क्रमांक आरक्षण

1. अनुसूचित जाति (सामान्य) सामान्य (महिला), 2.ओबीसी (महिला) सामान्य, 3. ओबीसी (महिला) सामान्य, 4. ओबीसी (सामान्य) सामान्य (महिला), 5. ओबीसी (महिला) सामान्य, 6.अनुसूचित जाति (महिला) |सामान्य, 7. ओबीसी (सामान्य) सामान्य (महिला), 8. अनुसूचित जाति (महिला) सामान्य, 9. अनुसूचित जाति (सामान्य) सामान्य (महिला), 10 . अनुसूचित जनजाति (सामान्य) सामान्य (महिला), 11. ओबीसी (महिला) सामान्य, 12. ओबीसी (महिला) सामान्य, 13. सामान्य (महिला)सामान्य, 14. ओबीसी (सामान्य) सामान्य (महिला), 15. अनुसूचित जाति (सामान्य) सामान्य (महिला), 16. ओबीसी (सामान्य) सामान्य (महिला), 17. ओबीसी (महिला) सामान्य, 18. अनुसूचित जनजाति (महिला) सामान्य , 19. ओबीसी (सामान्य) ओबीसी (महिला), 20.अनुसूचित जाति (महिला) सामान्य

# नि:शुल्क उपचार एवं शल्य चिकित्सा शिविर संपन्न

**कामठी.**

'चिकित्सा, दंत रोग निदान, उपचार एवं शल्य चिकित्सा शिविर' के अंतर्गत उप-जिला अस्पताल, कामठी, जिला नागपुर में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन महाराष्ट्र राज्य के राजस्व मंत्री एवं नागपुर-अमरावती जिलों के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनेक अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. एन.बी. राठौड़ (जिला सर्जन, सर्वोपचार अस्पताल, नागपुर), डॉ. राजकुमार गेहलोत (जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिषद नागपुर),बालासाहेब यावले (समूह विकास अधिकारी, नागपुर), डॉ. सौरभ अग्रवाल (निदेशक, आशा अस्पताल, कामठी), मंगेश यादव, बुद्धजी खोड़े तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित थे। इस शिविर में डागा महिला अस्पताल, जिला अस्पताल नागपुर, पोषण विभाग, आशा अस्पताल कामठी तथा सिटी अस्पताल कामठी की चिकित्सा टीमों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उप-जिला अस्पताल कामठी के चिकित्सा अध्यक्ष डॉ. निशात शेख तथा तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मोटे ने आयोजन समिति का नेतृत्व किया। इसके साथ ही कीट एवं जल जनित रोग विभाग, क्षय रोग विभाग, एड्स नियंत्रण विभाग की आशा सेविकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी की। दंत चिकित्सक डॉ. दानिश इकबाल ने शिविर के नोडल अधिकारी की भूमिका निभाई।



**राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं पर विशेष घोषणा:** पालक मंत्री बावनकुले साहब ने घोषणा की कि महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना के तहत गंभीर बीमारियों (जैसे किडनी व लिवर ट्रांसप्लांट आदि) के लिए सहायता राशि को वर्तमान 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख तक करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने यह भी बताया कि उप-जिला अस्पताल, कामठी के लिए 7.25 एकड़ नई भूमि उपलब्ध कराई गई है, जहां 185 करोड़ की लागत से नवीन भवन का निर्माण प्रस्तावित है। पुराने स्थल पर एक सुसज्जित महिला अस्पताल (7 बिस्तरों वाला) स्थापित किया जाएगा। साथ ही, भविष्य में विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा एक भव्य 3-दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की भी घोषणा की गई।

**जनसहभागिता:** स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने हेतु नागरिकों से विभिन्न मीडिया माध्यमों के द्वारा अपील की गई थी, जिसका सकारात्मक प्रतिसाद मिला। कुल 1126 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया, जिनमें 615 पुरुष एवं 511 महिलाएं सम्मिलित रहीं।

**समापन:** 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" तथा "नमो नेत्र संजीवनी स्वास्थ्य अभियान' के अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक विशेष स्क्रीनिंग एवं नैदानिक प्रक्रियाएं संचालित की गईं। यह शिविर उप-जिला अस्पताल एवं तालुका स्वास्थ्य अधिकारी, कामठी की संयुक्त पहल तथा जिला शल्य चिकित्सक, सामान्य अस्पताल नागपुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक दायरा

शिविर में निम्नलिखित प्रमुख स्वास्थ्य पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया: मौखिक, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग सिकलसेल, थैलेसीमिया, एनीमिया, हीमोफीलिया की जांच मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक स्वास्थ्य एवं क्षय रोग की जांच नेत्र परीक्षण, तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर परामर्श स्वच्छता और स्वच्छ परिवेश पर जन जागरूकता साथ ही, सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया गया।




# मोबाइल विवाद में परिचित ने बल्ली से की युवक की पिटाई

**नागपुर.**

मोबाइल को लेकर हुए विवाद में एक युवक को उसके परिचित ने बल्ली से हमला करके जख्मी कर दिया। यह घटना गणेशपेठ इलाके की है। घटना में शामिल दोनों युवक एक-दूसरे को जानते हैं। बताया जा रहा है कि गणेशपेठ निवासी प्रवीण पारधी को संकेत कुलसंगी का मोबाइल सड़क पर पड़ा हुआ मिला। प्रवीण ने वह मोबाइल संकेत को लौटा दिया, लेकिन इसके बजाय आभार जताने के स्थान पर संकेत ने प्रवीण से ही 'मेरा मोबाइल क्यों लिया' जैसे सवालों को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी विवाद ने बाद में गंभीर रूप ले लिया। 5 अक्तूबर की रात जब प्रवीण अपने एक मित्र राकेश ढोरे के साथ मॉडल मिल चौक से गुजर रहा था, तभी संकेत ने बल्ली लेकर उस पर हमला बोल दिया। इस हमले में प्रवीण जख्मी हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद गणेशपेठ पुलिस ने हमले का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# नायलॉन मांजे के उत्पादन पर निषाद पार्टी ने प्रतिबंध की मांग की



**नागपुर.** नायलॉन मांजा के चोरी-छिपे उत्पादन और बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर निषाद पार्टी ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। विदर्भ अध्यक्ष राहुल गौर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बरसात का मौसम खत्म होते ही महाराष्ट्र में पतंगबाजी शुरू हो जाती है, और इसके साथ ही चोरी-छिपे तरीके से बना हुआ गैर-कानूनी नायलॉन मांजा बाज़ार में बिकना शुरू हो जाता है। यह जानलेवा मांजा शहरी क्षेत्रों में कई दुर्घटनाओं का कारण बनता है। सामाजिक संस्थाए हर साल प्रशासन से इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाती हैं, लेकिन फिर भी करोड़ों रुपये का यह मांजा हर वर्ष बाज़ार तक पहुच जाता है।

पार्टी का मानना है कि इस समस्या की असली जड़ नायलॉन मांजे का गैर-उत्पादन है, जो कहीं न कहीं चोरी-छिपे हो रहा है, और जिसे तत्काल रोकने की आवश्यकता है। निषाद पार्टी ने जिला अधिकारी से निवेदन किया है कि नायलॉन मांजे के गैर-उत्पादन को जल्द से जल्द रोका जाए और इसमें शामिल गैर-सामाजिक तत्वों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया जाए। पार्टी का मानना है कि केवल बिक्री पर रोक लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके स्रोत यानी उत्पादन इकाईयों पर नकेल कसना ज़रूरी है। इस जानलेवा धागे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन को इस अवैध कारोबार को जड़ से ख़त्म करने हेतु सख्त कदम उठाने चाहिए।

# उमरेड नगर परिषद चुनाव: प्रभागवार आरक्षण सूची घोषित

**उमरेड.**



उमरेड नगर परिषद चुनाव की तैयारियाँ अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी हैं। आज दिनांक 08/10/2025 को नगर परिषद द्वारा आगामी चुनावों के लिए प्रभागवार आरक्षण सूची सार्वजनिक कर दी गई। यह सूची 'परिशिष्ट – 7' के अंतर्गत जारी की गई है, जिसमें अनुसूचित जमाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), नागरिकांचा मागास प्रवर्ग (ओबीसी) और सर्वसाधारण (जनरल) वर्ग के लिए आरक्षित सीटों का विवरण शामिल है। साथ ही, महिलाओं के लिए भी विशेष आरक्षण लागू किया गया है। आरक्षण का विवरण (कुल 27 सीटों पर आरक्षण): एसटी (अनुसूचित जमाति): 3 सीटें (1 महिला सहित). एससी (अनुसूचित जाति): 4 सीटें (2 महिला सहित). ओबीसी (पिछड़ा वर्ग): 7 सीटें (5 महिला सहित). जनरल (सर्वसाधारण): 13 सीटें (6 महिला सहित). प्रभागों पर विशेष ध्यान: महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभाग क्रमांक 2, 3, 4, 6, 8 और 10 में महिला आरक्षण लागू किया गया है। उदाहरण स्वरूप: प्रभाग 2: एक सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए, जबकि दूसरी नागरिकांचा मागास प्रवर्ग-महिला (ओबीसी-महिला) के लिए आरक्षित है। प्रभाग 4: दोनों सीटें- एकओबीसी-महिला और एक सर्वसाधारण वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राजनीतिक हलचल तेज़, यह आरक्षण सूची चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, क्योंकि प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया इसी पर आधारित होगी। आरक्षण की घोषणा के साथ ही उमरेड में राजनीतिक गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, नियमबद्ध और प्रभावी जनगणना आंकड़ों के आधार पर संपन्न की गई है। अब यह देखना रोचक होगा कि कौन-कौन से चेहरे इन आरक्षित सीटों पर मैदान में उतरते हैं, और नगर परिषद की तस्वीर किस रूप में सामने आती है।

# बेटे की पिटाई का बदला लेने पिता ने तोड़े पड़ोसी के हाथ

**नागपुर.** बेटे को मारने की घटना का बदला लेने के लिए एक पिता ने अपने पड़ोसी के दोनों हाथ लाठी से पीटकर तोड़ दिये। यह चौंकाने वाली वारदात कोराडी कॉलोनी में हुई है। पुलिस ने आरोपी 61 वर्षीय भानुदास प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना का कारण 23 सितंबर की एक पुरानी तकरार बताई जा रही है। उस दिन भानुदास का बेटा शराब के नशे में अपने पड़ोसी बंटी रहाटे को गालियां दे रहा था। बंटी द्वारा समझाने पर भी जब वह नहीं माना तो गुस्से में आकर बंटी ने उसे दो चांटे जड़ दिए और फिर उसे घर पहुंचा दिया। इस घटना से नाराज भानुदास ने 2 अक्तूबर की रात बदला लेने की ठानी। जब बंटी अपने घर में सो रहे थे, भानुदास ने उनके दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसकर हमला बोल दिया। वह "मेरे बेटे को क्यों मारा?" चिल्लाता हुआ लाठी लेकर बंटी पर टूट पड़ा। इस हमले में बंटी के दोनों हाथों में फ्रैक्चर आ गया। कोराडी पुलिस ने भानुदास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश जारी है।

# 2025 नगरपालिका चुनाव के लिए आरक्षण घोषित

## नगरपालिका में महिला राज कायम रहेगा, 23 पार्षदों में से 12 नगरसेविका + नगराध्यक्ष महिला

**सावनेर.**




सावनेर नगर पालिका परिषद के आम चुनाव 2025 के लिए वार्डवार आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। नगर परिषद भवन में आयोजित ड्रॉ के माध्यम से आरक्षण का निर्धारण किया गया है और विभिन्न श्रेणियों के लिए सीटें आवंटित की गई हैं। प्रभाग क्र. 1 (अ) अनुसूचित जाति (महिला), (ब) सर्वसामान्य, प्रभाग क्रमांक 2 (अ) सर्वसामान्य (महिला), (ब) सर्वसामान्य, प्रभाग क्रमांक 3 (अ) 'ओबीसी' (महिला), (ब) सर्वसामान्य,प्रभाग क्रमांक 4 (अ) 'ओबीसी' (महिला), (ब) सर्वसामान्य, प्रभाग क्रमांक 5 (अ) सर्वसामान्य (महिला), (ब) सामान्य, प्रभाग क्रमांक 6 (अ) 'ओबीसी' (महिला), (ब) सामान्य, प्रभाग क्रमांक 7 (अ) 'ओबीसी', (ब) सर्व सामान्य (महिला), प्रभाग क्रमांक 8 (अ) अनुसूचित जाति, (ब) सर्व सामान्य महिला ,प्रभाग क्रमांक 9 (अ) अनुसूचित जाति महिला, (ब). 'ओबीसी', (क). सर्वसामान्य महिला, प्रभाग क्रमांक10, (आ) 'ओबीसी' (ब) सर्वसामान्य (महिला) प्रभाग क्रमांक 11 (अ) अनुसूचित जनजाति (महिला) (ब). सर्वसामान्य इस प्रकार आरक्षित होने से चुनाव लढने की इच्छा रखनेवालोमे 'कही खुशी कही गम' की स्थिति निर्मित हो गई है। नागरिकों का ध्यान नगर परिषद के आम चुनाव की ओर आकृष्ट हो चुका है.

करिब करिब साडे आठ साल बाद स्थानिक नगर पालिका के चुनाव होने है जिससे नागरिको मे भारी उत्साह तथा विभिन्न राजनीतिक दलों ने अब प्रचार की तैयारियो मे जुट गये हैं। मा. संपत खलाटे उपविभागीय अधिकारी सावनेर, मा. अर्शिया जूही, मुख्य अधिकारी, नगर पालिका सावनेर, विभिन्न राष्ट्रीय दलों के पदाधिकारी, पत्रकार, पुलिस प्रशासन सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# प्रतिबंधित कफ सिरप नहीं मिला, सौंसर में मेडिकल स्टोर्स की जांच



**सौंसर.** राज्य प्रशासन के निर्देशानुसार प्रतिबंधित कफ सिरप की बिक्री पर निगरानी के तहत आज सौसर विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री नेहा सोनी के नेतृत्व में की गई। इस जांच दल में एसडीओपी पुलिस श्रीमती प्रियंका पांडे, बीएमओ डॉ. योगेश आर. शुक्ला, नायब तहसीलदार अशोक अड़मे, टीआई ए.बी. मर्सकोले, बीसीएम श्रीराम अहिरवार, तथा फार्मासिस्ट मनोहर बड़सकर शामिल थे। टीम द्वारा शहरी क्षेत्र सौसर, लोधीखेड़ा तथा बोरगांव के मेडिकल स्टोर्स में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कहीं भी कोल्ड्रिफ या नेस्ट्रों डीएस जैसे राज्य प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप पाए नहीं गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई जनहित एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से की गई है और ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# रेणुका महिला मंडल का शारदोत्सव संपन्न




**छिंदवाड़ा.** विप्र महाराष्ट्र समाज की महिला समिति अंतर्गत रेणुका महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष नुसार इस वर्ष भी सोमवार को महालक्ष्मी मंगल भवन छोटा तालाब छिंदवाड़ा मे शारदोत्सव मनाया गया।विप्र महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष रितेश पांडे ने बताया कि शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा हिंदू पंचांग के आश्विन महीने में पूरे चांद के दिन मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी किरणों से धरती पर अमृत गिराता है इसलिए महिलाएं चंद्रमा की आरती उतारती हैं।कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की प्रतिमा का पूजन आरती माल्यार्पण कर की गई महिला मंडल द्वारा सूक्त पाठ,बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला द्वारा गीत गायन स्पर्धा तथा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### राज्य सरकार ने 5 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

# तुमसर कृषि उपज मंडी में बनेगा शेतकरी भवन

**भंडारा.** भंडारा जिले के तुमसर स्थित कृषि उपज मंडी समिति में किसानों के लिए शेतकरी भवन के निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। विधायक डॉ. परिणय फुके के सतत प्रयासों के फलस्वरूप राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 5 करोड़ रुपये की निधि को स्वीकृति दे दी है। इस स्वीकृति से किसानों को न केवल मंडी परिसर में आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि मंडी क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से युक्त एक आधुनिक शेतकरी भवन का निर्माण भी संभव हो पाएगा। किसानों के लिए यह भवन आरामदायक आश्रय, सूचना व विश्राम केंद्र, साथ ही विभिन्न प्रशासनिक सुविधाओं का केंद्र भी बनेगा।
राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, राज्य सरकार ने हाल ही में निर्णय लिया है कि राज्य की सभी कृषि उपज मंडी समितियों में किसानों के लिए शेतकरी भवन एवं न्यूनतम आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी क्रम में तुमसर कृषि उपज मंडी समिति ने एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर विपणन निदेशालय, पुणे को भेजा था। विधायक डॉ. परिणय फुके ने इस प्रस्ताव को लगातार राज्य सरकार के समक्ष उठाया और संबंधित अधिकारियों से संपर्क में रहकर इसके अनुमोदन के लिए सतत प्रयास किए। अंततः उनके प्रयासों को सफलता मिली और विपणन निदेशालय द्वारा 5 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दे दी गई।

# दिनदहाड़े शराब दुकान में डकैती

**नागपुर.** पांचपावली के पंचशील चौक स्थित एक शराब दुकान में सोमवार की दोपहर दो गुंडों ने धावा बोल दिया। उन्होंने दुकान के कर्मचारी पर चाकू से हमला करने और जमकर तोड़फोड़ करने के बाद 60 हजार रुपए की नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना पंचशील चौक पर स्थित भोवते शराब भट्टी की है। दोपहर के समय कुख्यात अपराधी सिद्धार्थ उर्फ अक्षय उर्फ भेड़िया राजेश बोदुले (25) और उसका साथी अंकित अरविंद धनविजय (27) दुकान पर पहुंचे। उन्होंने पहले शराब खरीदी और कर्मचारी सिद्धार्थ वाघमारे से बाकी के बचे पैसे वापस लिए।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 448-6 | - |
| श्रीदेवी नाईट | 145-0 | 480-2 |

### जीत की रणनीति बनाने जुट गए भावी उम्मीदवार

# कामठी नगर परिषद 'जनरल' सीट की घोषणा के बाद चुनावी सरगर्मी तेज़

**कामठी, सौमित्र नंदी.**

नगर परिषद कामठी के अध्यक्ष पद के लिए सीट को सर्व साधारण (जनरल) घोषित किए जाने के बाद से ही स्थानीय राजनीति में ज़ोरदार हलचल शुरू हो गई है। इस घोषणा ने कई राजनीतिक दलों के लिए नई रणनीति बनाने की आवश्यकता पैदा कर दी है, जिसने चुनावी माहौल को गरमा दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, शिवसेना, बरिएमं (बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच), राकांपा, बसपा, एमआईएमआईएम, आम आदमी पार्टी, वंचित आघाडी, रिपाई जैसे सभी प्रमुख दल अब टिकट वितरण और जीत की रणनीति पर विचार-विमर्श में जुट गए हैं।



प्रमुख दलों में दावेदारों की लंबी सूची जनरल सीट घोषित होते ही अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न दलों से प्रबल दावेदार सामने आए हैं, जो खुद को इस दौड़ में सबसे आगे मान रहे हैं: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से अजय रूपनारायण अग्रवाल व बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच (बरिएमं) से अजय कदम को इस पार्टी का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी (सपा): माया चवरे भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस):** कांग्रेस खेमे से सबसे ज़्यादा उम्मीदवार सामने आए हैं, जिनमें शकूर नागाणी, शाहजहां सफ़ाअत अंसारी, प्रमोद उर्फ गुड्डू मानवटकर, अहफाज अहमद ठेकेदार (गांधीवादी), नीरज लोणारे, आबिद ताज़ी जैसे दिग्गज शामिल हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा): नौशाद सिद्दीकी और उदय सिंह यादव इस पार्टी से सक्रियता दिखा रहे हैं। बसपा के इंजीनियर विक्रांत मेश्राम भी अपनी उम्मीदवारी में दमखम रखते नजर आने वाले हैं, तो एमआईएमआईएम के शाकिबुर रहमान ने भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है, वहीं आम आदमी पार्टी से शौकत अली बागवान और रिपाई गवई गुट से सुधीर शंभरकर रह सकते हैं। वंचित आघाडी से दादा कांबले का भी ज़ोर दिख रहा है।

**चुनावी गणित और सीधा चुनाव:** कामठी नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जनरल सीट घोषित होने के बाद अब सभी दल सामाजिक समीकरण और जीत की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन कर रहे हैं।

इस बार कामठी नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव सीधे नागरिकों द्वारा किया जाएगा। साथ ही 17 प्रभागों से कुल 34 नगरसेवकों का भी चयन होगा, जिनमें से आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। हालांकि चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि चुनाव नवंबर माह में आयोजित किए जाएंगे। मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 88,640 बताई जा रही है। प्रत्याशियों के नाम तय होने के बाद चुनाव और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

### पिछले चुनाव का हाल

2017 के नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस के शाहजहां शफाअत अंसारी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 16,630 वोट मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा-बरिएमं गठबंधन के अजय कदम को 14,268 वोट मिले थे। अंसारी ने यह चुनाव 2,362 वोटों के अंतर से जीता था। इस बार देखना होगा कि इन प्रबल दावेदारों में से कौन अपनी पार्टी का टिकट हासिल कर मैदान में उतरता है और पिछले चुनावों के परिणाम को देखते हुए क्या इस बार कोई नया समीकरण सामने आता है।

# सवारी को लेकर विवाद, ऑटो चालक की डंडे से पिटाई

**नागपुर.** एमआईडीसी के इलेक्ट्रॉनिक जोन चौक क्षेत्र में सवारी बिठाने को लेकर हुए विवाद में एक ऑटो चालक को बेरहमी से पीटा गया। घटना में गंभीर रूप से जख्मी ऑटो चालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित अमर शर्मा उक्त इलाके में ऑटो चालक का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि सवारी बिठाने को लेकर उनका आरोपी संजय बोनेकर के भाई से झगड़ा हो गया। इस झगड़े की सूचना मिलते ही संजय बोनेकर मौके पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, संजय ने अमर शर्मा को गालियां देते हुए डंडे से हमला कर दिया। निर्मम हमले में अमर शर्मा जख्मी हो गए। मौके पर लोगों के इकट्ठा होने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। घटना की सूचना पर एमआईडीसी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।